दिनांक 12.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाइ

नगरीय प्रशासन एवं विकास के संचालक श्री निरंजन दास का डेंगू प्रभावित वार्डों का निरीक्षण कर निगम आयुक्त श्री चौहान को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये

भिलाईनगर/ राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष सचिव एवं संचालक श्री निरंजन दास ने कहा कि जिला प्रशासन, नगर निगम, बीएसपी प्रबधंन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी संयुक्त रुप से आपसी सामंजस्य बनाकर भिलाई क्षेत्र में डेंगू के प्रभाव के रोकथाम के लिए कार्य सुनिश्चत करें तथा डेंगू प्रभावित क्षेत्र में नियंत्रण हेतु किये जा रहे समस्त कार्य की जानकारी शासन को प्रतिदिन प्रेषित करें। उन्होने आगे कहा डेंगू जैसे गंभीर बिमारी के बचाव हेतु शासन के द्वारा पुरी सहयोग प्रदान की जावेगी तथा अन्य आवश्यक उपाय किये जाने हेतु निगम आयुक्त को निर्देश दिये। आज प्रातः से ही संचालक श्री निरंजन दास, राज्य शहरी विकास अभिकरण के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिनव अग्रवाल एवं निगम भिलाई आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, निगम सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव के साथ डेंगू प्रभावित वार्डों में किये जा रहे कार्यों, एवं स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया श्री दास के द्वारा मृतक के पिता श्री अनिल साकरे के घर पहुंचकर भेंट की तथा मृतक बच्ची कुमारी मिमांशा के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

संचालक श्री दास ने जोन 04 शिवाजी नगर कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिनव अग्रवाल एवं निगम सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, पार्षद जोहन सिन्हा, निगम भिलाई आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, संयुक्त संचालक पी0वी0 कांशी, अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, की उपस्थिति में निगम के सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्व अधिकारी, एवं नोडल अधिकारियो की बैठक लेकर डेंगू प्रभावित क्षेत्र के अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा की तथा निगम आयुक्त श्री चौहान को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावित वार्ड क्षेत्रों में डेंगू की रोकथाम हेतु निरंतर इसके बचाव हेतु शासन द्वारा दिये गये निर्देश का पालन करें तथा प्रतिदिन की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन तैयार कर शासन को प्रेषित करें। श्री दास ने आश्वस्त किया कि निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत इस बिमारी के उन्मुलन हेतु किये जा रहे उपाय के लिए राज्य शासन के द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान की जावेगी। स्वास्थ्य प्रभारी श्री राजू ने श्री दास से निगम भिलाई हेतु एक हजार सफाई व्यवस्था हेतु सफाई कर्मचारियों की मांग पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया।

डेंगू, लार्वा उत्पन्न होने योग्य जल ठहराव की जानकारी नगर पालिक निगम, भिलाई के टोल फ्री नम्बर 18002334242 में दें।

जनसम्पर्क अधिकारी